न्यूज डायरी

एक पेड़ मां के नाम अभियान में लिया हिस्सा

शाहजहांपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिला प्रोबेशन अधिकारी दीपक मिश्र के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर पर महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर में 10 पौधे रोपित किए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं से पौधरोपण करवाया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी निकेत सिंह, इरफान अहमद, केंद्र प्रबंधक नमिता यादव, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, सेंटर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी आदि मौजूद रहीं। संवाद

दलेलगंज में सरायकाइयां रोड पर 51 पौधे किए गए रोपित

शाहजहांपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दलेलगंज में नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने पार्षद अनूप कुमार गुप्ता के साथ सरायकाइयां मार्ग 51 पौधे रोपित किए। नगर आयुक्त ने कहा कि हमारा अस्तित्व एवं जीवन की गुणवत्ता एक स्वस्थ प्राकृतिक पर्यावरण पर निर्भर है जो हम अत्यधिक पौधे लगाकर प्राप्त कर सकते हैं। पूर्व सदस्य नगर पालिका रामसनेही समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

चार ब्लॉकों में तदर्थ समितियां गठित

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निष्कासित पदाधिकारियों के स्थान पर चार ब्लॉकों में पांच सदस्यीय तदर्थ समितियों का गठन किया गया है, साथ ही 15 दिन में सभी शिक्षकों की भागीदारी के साथ निष्पक्ष निर्वाचन कराने की घोषणा की गई है। जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने बताया कि कटरा-खुदागंज विकास खंड में संयोजक संजीव सिंह, हरवंश पाठक, कामरान आलम, अनिल कुमार वर्मा, पुष्पलता वर्मा को बनाया है। इसी तरह जैतीपुर, जलालाबाद, खुटार में भी नियुक्ति की गई है। इस दौरान जिला मंत्री देवेश वाजपेयी, रवींद्र पाल प्रजापति मौजूद रहे। संवाद

कंडम भवन पर लाल रंग से निष्प्रयोज्य लिखवाएं'

शाहजहांपुर। बारिश के मौसम में परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षित कक्षाओं को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि कंडम भवनों पर लाल रंग से निष्प्रयोज्य लिखवाया जाए। भवन की हालत बच्चों व स्टाफ के रहने के लिए उपयुक्त नहीं है तो कक्षाएं नहीं चलाएं। स्कूल भवन व परिसर की सफाई कराई जाए, जिससे कीड़े-मकौड़ों आदि का खतरा नहीं रहे। संवाद

फरियादियों से कराया नवीन पुस्तकालय का उद्घाटन

शाहजहांपुर। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलक्ट्रेट परिसर में स्थापित नवीन पुस्तकालय एवं जन प्रतीक्षालय का उद्घाटन जनता दर्शन से जुड़े तीन विशेष अतिथियों कुसुम देवी, उषा देवी एवं प्रेमपाल से फीता कटवाकर कराया। इन तीनों नागरिकों के वर्षों पुराने मामलों का निस्तारण डीएम ने करवाया था। इस कारण इन्हें इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। डीएम ने कहा कि कलक्ट्रेट में आने वाले आमजन के लिए इस पुस्तकालय में विभिन्न पुस्तकें पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह, अपर जिलाधिकारी एफआर अरविंद कुमार, एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्र, एडीएम न्यायिक राशिद अली, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

अगस्त तक परिसीमन की ली जाएंगी आपत्तियां

शाहजहांपुर। पंचायत चुनाव के लिए नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में सीमा विस्तार के कारण प्रभावित गांव पंचायतों, राजस्व ग्रामों को पुनर्स्थ ग्राम पंचायत में सम्मिलित किए जाने के निर्देश डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जारी किए हैं। परिसीमन के आधार पर अनन्तिम सूची के प्रकाशन उपरांत 29 जुलाई से दो अगस्त तक आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके लिए जिला पंचायत प्रबंधक कार्यालय पंचायत राज विभाग अधिकारी त्रिपाठी को ग्राम पंचायतों, क्षेत्र व क्षेत्र पंचायतों से संबंधित आपत्ति कराई जाएगी। तीन से पांच अगस्त तक आपत्तियों को निस्तारित कर सूची तैयार कराई जाएगी। संवाद

'बेरोजगारी और महंगाई को लेकर उठाई आवाज

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय नौजवान सभा के पदाधिकारियों ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई व जनता के उत्पीड़न के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि 18 से 40 वर्ष तक के लोगों को निजी व गैर सरकारी विभागों में नौकरी उपलब्ध कराई जाए, जिसमें वेतन 30 हजार रुपये हो। जब तक नौकरी नहीं मिल जाती है तब तक हजार रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाए, प्रत्येक वोटर को पेंशन दी जाए। विद्यालयों के विलय पर रोक लगाने, देश में एक समान स्कूल और किताब के माध्यम से शिक्षा नीति लागू करने की मांग की। जिला मंत्री नील कमल, जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार, आरती देवी,

डेयरियों को शिफ्ट करने के लिए जारी किया जाए नोटिस

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने सोमवार को महानगर में सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए बैठक की। उन्होंने कहा कि नगर से डेयरियों को शिफ्ट करने के लिए डेयरी संचालकों को नोटिस जारी किए जाएं। अगर कोई व्यक्ति सड़क या अन्य स्थलों पर कूड़ा डालता है तो उससे जुर्माना वसूला जाए।

नगर आयुक्त ने कहा कि महानगर क्षेत्र से निकलने वाले कबाड़ियों की सुविधा के लिए समस्त प्रमुख मार्गों पर विशेष साफ-सफाई का कार्य कराया जाए। प्रत्येक वार्ड में खाली पड़े प्लॉटों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जाए।

प्लॉटों में सफाई रखने के लिए मालिकों को नोटिस जारी किए जाएं। महानगर क्षेत्र में स्थित डंपिंग ग्राउंड से नियमित कूड़ा उठान के लिए संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाए। संवाद

अमर उजाला करेगा प्रदेश की नामच

वियतनाम के हनोई शहर में 30 जुलाई को आयोजित किए जा र

लखनऊ। अमर उजाला ने व्यापार को बढ़ावा देने की विशेष पहल की है। इसके तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन हस्तियों को 'अमर उजाला बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025' से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वियतनाम के हनोई शहर में 30 जुलाई को होगा।

कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना को विशेष रूप से रेखांकित किया जा रहा है। ओडीओपी योजना के जरिये प्रदेश के विभिन्न जिलों के परंपरागत लघु-कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ व्यापक मंच दिया गया है। ओडीओपी उत्पादों को आर्थिक प्रोत्साहन, प्रशिक्षण और ऑनलाइन मार्केट मिलने से न सिर्फ संरक्षण मिला बल्कि देश-विदेश में पहचान भी मिली।

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी सरकार ने योजना बढ़ाने के साथ स्वरोजगार के रूप में चलाकर पूरे मॉडल पेश किया है। योजना से प्रदेश के कारोबारियों को प्रोत्साहन

प्रदेश सरकार योजना बुनकरों और उद्यमियों

इन हस्तियों को मिलेगा स उनियाल, अरुण कुमार अग्र आहलावत, डॉ. गौरव श्रीवास्त रणवीर सिंह, नरेश कुमार, अ कुमार मिश्रा, काजी अहमद पांडेय, भूपेश अग्रवाल, प्रतुल

मोबाइल कोर्ट में आईं 54 शिकायतें सूचीबद्ध कर निस्तारण के दिए निर्देश

राज्य आयुक्त हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजनों की सुनीं शिकायतें

संवाद न्यूज एजेंसी

शाहजहांपुर। दिव्यांगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने व योजनाओं की जानकारी देने के लिए कलक्ट्रेट में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इसमें राज्य आयुक्त हिमांशु शेखर झा, राज्य उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सोनकर विधि अधिकारी एवं पेशकार अनुराग त्रिपाठी ने शिकायतों और समस्याओं को सुना। कोर्ट में 54 शिकायतें पंजीकृत हुईं।

मूक बधिर अमर के प्रकरण में प्रधानाचार्य औद्योगिक संस्थान, रोजा को निर्देश दिए गए कि उनका ड्यूटी टाइम टेबल निश्चित किया जाए।

कार्यालय से मुक्त होने की अनुमति कर्मचारी आचरण नियम के अनुसार ही दी जाए। करीना देवी के दिव्यांगता प्रमाण पत्र के प्रकरण में सीएमओ को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कोर्ट समापन के दौरान संबंधित अधिकारियों को संदर्भित प्रकरणों के निस्तारण के लिए दिए गए निर्देशों की रिपोर्ट न्यायालय या कार्यालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान एडीएम एफआर अरविंद कुमार, सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा अधिकारी क सीढ़ियों से गिराया

तिलहर। चीनी मिल प्रधान प्रबंधक निरीक्षण में नशे में मिले कर्मचारी बाहर निकाले जाने के दौरान सिक्योरिटी ऑफिसर को बरामदे सीढ़ियों से धक्का देकर गिरा दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

सोमवार की शाम प्रधान प्रबं शैलेंद्र अस्थाना कार्यालय का निरी कर रहे थे। लेखा अनुभाग आउटसोर्सिंग कर्मचारी ऋषिकेश श के नशे में मिला। प्रधान प्रबंधक सिक्योरिटी गार्ड को बुलाकर उसे गेट से बाहर निकालने के लिए क सिक्योरिटी ऑफिसर रामकिशोर जैसे उसे पकड़े हुए कार्यालय के बरामदे पहुंचे कि उसने उन्हें धक्का दे दिया।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज पीड़ित का चिकित्सा परीक्षण कराया है। संवाद

नशा ज्यादा होने पर दोस्त को सड़क किनारे डाल गए थे आरोपी

भावलखेड़ा। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी में युवक का अपहरण कर सड़क पर बेहोशी की हालत में फेंके जाने के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया है। हालांकि पुलिस की जांच में दोस्तों के साथ शराब पीकर गाड़ी से उतारे जाने का मामला सामने आया था।

रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी इमरान हरदोई रोड पर गांव लालबाग के पास रोड किनारे पड़ा हुआ था। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। इमरान के भाई फिरासत ने वाहन से अपहरण कर रोड किनारे डाले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि इमरान ने अपने दोस्त आसिफ के साथ रौसर कोठी में शराब पी। थोड़ी देर बाद वहां राशिद आ गया। तीनों राशिद के वाहन पर बैठकर और शराब पीने के लिए जाने लगे। अत्यधिक नशा होने के चलते आसिफ और राशिद इमरान को लालबाग में बंद पड़े शराब के ठेके के सामने रोड किनारे डालकर चले गए। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आसिफ और राशिद के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। संवाद

हेपेटाइटिस रोगियों के लिए बनेगा अलग वार्ड : प्राचार्य

शाहजहांपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज के जनरल मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी विभाग और कम्यूनिटी मेडिसन विभाग की ओर से विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हेपेटाइटिस की जांच और उपचार पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा और आईएमए के अध्यक्ष डॉ. एसके जैन ने किया। सीएमओ ने हेपेटाइटिस रोग की जांच,उपचार, बचाव व प्रचार-प्रसार पर रोशनी डाली। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कॉलेज में हेपेटाइटिस के उपचार का सेंटर संचालित है। जल्द ही एक अलग वार्ड बनाने की योजना है।

नोडल अधिकारी डॉ.पंकज सिं ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरक से संचालित कार्यक्रम के माध्यम उपलब्ध जांचें व हेपेटाइटिस-बी सी की रोकथाम को दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। रोगी सेंटर से दव प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ. मोहम्मद शान के संचालन में कार्यक्रम में डॉ.राणा प्रताप, डॉ.बु अहमद, डॉ.रवि प्रकाश निषाद, जितेंद्र कुमार, डॉ.प्रियंका मेहता, शि वर्मा ने हेपेटाइटिस विषय पर पीपी माध्यम से प्रस्तुति दी। आभार सीए डॉ.नेपाल सिंह ने व्यक्त किया। स

संयुक्त रिपोर्ट प्रयागराज भेजी, दो विभागों को दोषी पाया